भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या †1090**

उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2025
21 माघ, 1946 (शक)

**राष्ट्रीय युवा महोत्सव पर खर्च की गई राशि**

**†1090. श्री अशोक कुमार रावत:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय युवा महोत्सव पर व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ख) सरकार द्वारा युवाओं को शामिल करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय युवा महोत्सव पर जारी की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है:

| **वित्तीय वर्ष** | **राष्ट्रीय युवा महोत्सव (एनवाईएफ)** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|
| 2023-24 | 27वां एनवाईएफ महाराष्ट्र राज्य सरकार के सहयोग से 12 से 16 जनवरी, 2024 तक नासिक में आयोजित किया गया। | ₹ 13,71,60,220/- |
| 2022-23 | 26वां एनवाईएफ कर्नाटक राज्य सरकार के सहयोग से 12 से 16 जनवरी, 2023 तक हुबली-धारवाड़ में आयोजित किया गया। | ₹ 12,78,98,195/- |
| 2021-22 | 25वां एनवाईएफ पुडुचेरी संघ राज्य सरकार के सहयोग से 12 से 13 जनवरी, 2022 तक वर्चुअल मोड में आयोजित किया गया। | ₹ 5,06,22,188/- |

(ख) देशभर में युवा सशक्तिकरण के लिए अनेक स्कीमों के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कार्यकलापों में शामिल किया जा रहा है। ये स्कीम समाज के सभी वर्गों से 15-29 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए हैं।

युवा कार्यक्रम विभाग के अंतर्गत निम्नलिखित स्कीमें हैं:

(i) राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके) एकछत्र स्कीम है जिसके अंतर्गत निम्नलिखित 7 उप-स्कीमें शामिल हैं:

1. नेहरू युवा केंद्र संगठन ( एनवाईकेएस)
2. राष्ट्रीय युवा कोर (एनवाईसी)
3. राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम ( एनपीवाईएडी)
4. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग (आईसी)
5. युवा छात्रावास
6. स्काउटिंग और गाइडिंग संगठनों को सहायता।
7. राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम।

(ii) राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस)
(iii) राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी)
(iv) मेरा युवा भारत (माई भारत): हाल ही में, एक व्यापक सक्षम तंत्र- मेरा युवा भारत (माई भारत) नामक एक स्वायत्त निकाय की स्थापना की गई है, जो अमृतकाल के दौरान 'कर्तव्य बोध' और 'सेवा' के माध्यम से युवा विकास और युवाओं जनित विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित है।

माई भारत (https://www.mybharat.gov.in/) के लिए एक डिजिटल मंच विकसित किया गया है, जिस पर देश भर के युवा पंजीकरण कर सकते हैं और पोर्टल पर उपलब्ध कराए जा रहे विभिन्न स्वयंसेवी अवसरों के लिए साइनअप कर सकते हैं। परिकल्पित फिजिटल (फिजिकल + डिजिटल) इकोसिस्टम का उद्देश्य युवाओं को सामुदायिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक बनने हेतु सशक्त बनाना है। अब तक 1.65 करोड़ से अधिक युवा माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करा चुके हैं।

*****